दिनांक- 11.01.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

महाकुम्भ मेला प्रयागराज -2025

Traffic Advisory

महाकुम्भ मेला प्रयागराज-2025 के होने वाले प्रमुख स्नान पर्वो पर जनपद बांदा में यातायात डायवर्जन-

- **महाकुम्भ प्रयागराज-2025 के दृष्टिगत पौष पूर्णिमा, मकर संक्रान्ति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघ-पूर्णिमा एवं महाशिवरात्रि के प्रमुख स्नान पर्वो के दृष्टिगत जनपद बांदा में दिनांक 11.01.2025 से यातायात डायवर्जन निम्न है-**

- जनपद बांदा से भारी वाहन चित्रकूट, राजापुर व प्रयागराज की तरफ पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगें सिर्फ तीर्थयात्रियों/श्रद्धालुओं व अन्य आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं से सम्बन्धित वाहन ही चित्रकूट,राजापुर व प्रयागराज की तरफ जा सकेगें।
- जनपद बांदा से लखनऊ कानपुर जाने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन बेंदाघाट से होते हुए फतेहपुर, कानपुर, लखनऊ की तरफ जा सकेगें, आवश्यकतानुसार बांदा से हमीरपुर व कानपुर जा सकेगें एवं इसी मार्ग से वापसी भी होगी।
- जनपद बांदा से बेंदाघाट-फतेहपुर, बांदा-हमीरपुर, बांदा-महोबा, बांदा-नरैनी-पन्ना-सतना मार्ग सामान्य दिनों की तरह संचालित रहेगा।
- कानपुर से प्रयागराज होकर रीवां, सतना जाने वाले भारी वाहन व अन्य यातायात (अति-आवश्यक वस्तुओं व सेवाओं को छोड़कर) कानपुर से चौडगरा-बिन्दकी-चिल्ला-बांदा-नरैनी होते हुए रीवां व सतना जायेगा एवं इसी मार्ग से वापसी भी होगी।
- लखनऊ से प्रयागराज होकर रीवां, सतना जाने वाले भारी वाहन व अन्य यातायात (अति-आवश्यक वस्तुओं व सेवाओं को छोड़कर) लखनऊ-रायबरेली-फतेहपुर-बेंदाघाट-बांदा-नरैनी होते हुए रीवां व सतना जायेगा एवं इसी मार्ग से वापसी भी होगी।
- बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस व महोबा की तरफ से आने वाले भारी वाहन (अति-आवश्यक वस्तुओं व सेवाओं को छोड़कर) चित्रकूट व प्रयागराज की तरफ प्रतिबन्धित रहेगा।
- बांदा होकर महाकुम्भ प्रयागराज जाने वाले तीर्थयात्री/श्रद्धालु बांदा-बेंदाघाट-फतेहपुर होते हुए या बांदा-बबेरु-राजापुर-महेवाघाट-मंझनपुर होते हुए या बांदा-चित्रकूट होते हुए प्रयागराज महाकुम्भ जा सकेगें। महाकुम्भ प्रयागराज जाने वाले सभी तीर्थयात्री/श्रद्धालु इन्ही मार्गो से जायेंगे एवं महाकुम्भ में निर्धारित पार्किंग स्थलों पर वाहन पार्क कर आगे जा सकेंगें।
- महाकुम्भ मेला प्रयागराज-2025 के दृष्टिगत पौष पूर्णिमा, मकर संक्रान्ति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघ-पूर्णिमा एवं महाशिवरात्रि के प्रमुख स्नान पर्वो के दृष्टिगत अतिरिक्त/सामान्य कार्यो से चित्रकूट व प्रयागराज जाने से बचे एवं वैकल्पिक मार्गों का चयन करें।

जनपद के समस्त अन्तर्राज्यीय/अन्तर्जनपदीय बैरियरों पर स्थानीय थाना पुलिस के साथ यातायात पुलिस के कर्मियों को तैनात किया गया है। यातायात निर्देशों के सम्बन्ध में किसी प्रकार की समस्या/सहायता हेतु निरीक्षक यातायात के मोबाइल नम्बर- 9415073475 या आपातकालिन डायल यूपी-112 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

नोटः-समस्त पत्रकार बन्धुओ से अनुरोध है कि उक्त यातायात के निर्देश को जनहित में अपने समाचार पत्रों/समाचार चैनलों में प्रकाशित/प्रसारित कराने का कष्ट करें।